# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की




पर्थ। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वापसी करने वाले रूपिंदर पाल सिंह के खाता खोलने के बाद युवा स्ट्राइकर सुमित कुमार जूनियर के दो गोल से भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया 'ए' पर 3-0 से जीत हासिल की। चोट के कारण आठ महीने बाद प्रतिस्पर्धा में खेल रहे ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर ने छठे मिनट में गोल कर मेहमानों को बढ़त दिला दी। इसके बाद सुमित ने 12वें और 13वें मिनट में गोल करके भारत को लगातार दूसरे मैच में जीत दिलायी। भारतीयों ने आक्रामकता से पहले क्वार्टर में दबदबा बनाये रखा और लगातार विपक्षी टीम के खेमे में सेंध लगायी। यह रणनीति कारगर रही जिससे सभी तीनों गोल पहले क्वार्टर में ही हुए और घरेलू टीम बैकफुट पर आ गयी। भारत का पहला गोल तब हुआ जब टीम ने मैच का पहला शार्ट कार्नर हासिल किया। रूपिंदर ने अच्छी फार्म दिखाते हुए फ्लिक को बेहतरीन तरीके से टाइम किया और प्रतिद्वंद्वी गोलकीपर को छकाते हुए गोल कर दिया। पांच मैच की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हुई भारतीय हॉकी टीमडिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की बेहतरीन टैकलिंग से आस्ट्रेलिया ए के हाथ से बॉल पर पहुंच ढीली होती गयी जिससे भारत ने दूसरा गोल दागा। मनप्रीत सिंह की मदद से युवा खिलाड़ी ने 12वें मिनट में शानदार मैदानी गोल किया।

अगले ही मिनट में भारत ने तीसरा गोल कर दिया जब स्ट्राइकर आकाशदीप सिंह ने गोल का अच्छा मौका बनाया और 21 वर्षीय सुमित ने इसे गोल में तब्दील किया।

# आईटीएफ महिला टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची अंकिता रैना



नयी दिल्ली। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भारत की अंकिता रैना ने निचली रैंकिंग पर काबिज यूडिस वोंग चोंग की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए शुक्रवार को 60,000 डालर इनामी राशि के आईटीएफ महिला टेनिस टूर्नामेंट के एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय (175 रैंकिंग) ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दो घंटे तक चले क्वार्टरफाइनल में हांगकांग की प्रतिद्वंद्वी (497 रैंकिंग) को 2-6 6-4 7-5 से पराजित किया। यह काफी करीबी मैच रहा जिसमें अंकिता ने 88 अंक हासिल किये जो यूडिस से दो ज्यादा थे। इन दोनों ने मैच के दौरान सात बार एक दूसरे की सर्विस तोड़ी। अब अंकिता चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त शुयुये मा से भिड़ेंगी।

# दूधिया रोशनी में ज्यादा नहीं खेलते, इसलिये कैच छूटे: वेदा कृष्णमूर्ति

**इस 26 साल की गेंदबाज ने कहा कि महिला खिलाड़ी दूधिया रोशनी में खेलने की इतनी आदी नहीं हैं जो उनके क्षेत्ररक्षण में देखने को मिला, विशेषकर कैच लपकने में।**

जयपुर। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भारत की महिला लेग स्पिनर वेदा कृष्णमूर्ति ने बीसीसीआई से देश की महिला क्रिकेटरों के लिये दिन रात्रि के और मैच आयोजित करने का अनुरोध किया क्योंकि इससे सिर्फ दर्शक ही आकर्षित नहीं होंगे बल्कि यह भी सुनिश्चित होगा कि खिलाड़ी दूधिया रोशनी में कैच नहीं गिरायें। कृष्णमूर्ति की टीम वेलोसिटी को महिला टी20 चैलेंज मैच में गुरूवार को सुपरनोवा से 12 रन से हार मिली। इस 26 साल की गेंदबाज ने कहा कि महिला खिलाड़ी दूधिया रोशनी में खेलने की इतनी आदी नहीं हैं जो उनके क्षेत्ररक्षण में देखने को मिला, विशेषकर कैच लपकने में। उन्होंने कहा कि कैच गिराने के लिये कारण दूधिया रोशनी में नहीं खेलना था। अकादमी के मैदान पर अभ्यास करते हुए हमें गेंद देखने में मुश्किल हो रही थी। इसलिये गेंद को पकड़ना सचमुच काफी मुश्किल थाकृष्णमूर्ति ने कहा कि अगर आप देखो तो दूधिया रोशनी में खेलना काफी चुनौतीपूर्ण है क्योंकि इससे पूरा वातावरण बदल जाता है, इसमें दूधिया रोशनी में जो हवा बहती है और जिस तरह से गेंद मैदान पर जाती है, सब शामिल है। इसलिये दिन के मैच से इसमें काफी कुछ अलग हो जाता है। कृष्णमूर्तिने बीसीसीआई से आग्रह किया कि दूधिया रोशनी में और अधिक मैच कराये जायें ताकि खिलाड़ी हर तरह के हालात के अनुरूप ढल सकें। महिलाओं के ज्यादातर मैच दिन में आयोजित होते हैं।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह काफी अहम है। कम से कम अगर हम शाम में टी20 मैच खेलना शुरू कर दें तो इससे ज्यादा दर्शक मैच देखने पहुंचेंगे।युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिगेज भी भारतीय टीम की साथी से सहमत थीं। उन्होंने कहा कि हमें इसकी शुरूआत अपने घरेलू सत्र से करनी चाहिए।

# इंग्लैंड के पास विश्व कप के खिताब को जीतने का सुनहरा मौका: स्टुअर्ट ब्रॉड

लंदन। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा कि उनकी टीम के पास 30 मई से शुरू हो रहे विश्व कप के खिताब को जीतने का सुनहरा मौका है। देश के लिए 121 एकदिवसीय मैच खेलने वाले इस गेंदबाज का मानना है कि जेसन राय, जानी बेयरस्टा, जो रूट, इयोन मोर्गन, बेन स्टोक्स, जोस बटलर और मोईन अली जैसे खिलाड़ियों के कारण सीमित ओवर के प्रारूप में यह अब तक की इंग्लैंड की सबसे मजबूत टीम है।


उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा कि पुरूष टीम के लिए 50 ओवर के विश्व कप में जीत दर्ज करने का यह सर्वश्रेष्ठ मौका होगा। उन्होंने कहा कि इस टीम में जिस स्तर के खिलाड़ी है वैसे मैंने किसी भी इंग्लैंड की टीम में नहीं देखे। खासकर बल्लेबाजी में, शीर्ष के सात बल्लेबाज। इंग्लैंड की टीम अब तक एकदिवसीय विश्व कप के खिताब को जीतने में नाकाम रही है।

# हरभजन के बाद लक्ष्मण ने भी किया गौतम गंभीर का समर्थन, कहा- मैं गारंटी लेता हूं...

नई दिल्?ली- **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गौतम गंभीर पर विरोधी प्रत्याशी आतिशी (Atishi) के खिलाफ आपत्तिजनक पर्चे बंटवाने का आरोप के बाद पूर्व क्रिकेटर भी इस मसले पर उतर आए हैं. पहले ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि गंभीर पर लगे आरोप भरोसे के लायक नहीं है. इसके बाद वीवीएस लक्ष्मण (VVS La&man) भी गंभीर के समर्थन में उतर आए हैं. उन्होंने शुक्रवार को गौतम गंभीर (Gautam Gambhir) के पक्ष में ट्वीट किया. आप प्रत्याशी आतिशी ने आरोप लगाया है कि गंभीर ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक पर्चे बंटवाए हैं. गंभीर पूर्वी दिल्ली सीट से लोकसभा चुनाव (Lok Sabha Elections 2019) लड़ रहे हैं.



वीवीएस लक्ष्मण ने शुक्रवार को ट्वीट किया, 'मैं कल के घटनाक्रम से हैरान हूं. मैं गौतम गंभीर को करीब दो दशक से जानता हूं. मैं उनकी ईमानदारी, चरित्र और महिलाओं के सम्मान करने की आदत की गारंटी ले सकता हूं.' वीवीएस लक्ष्मण और गौतम गंभीर ने करीब 50 टेस्ट मैच साथ में खेले हैं. अभी ये दोनों स्टार स्पोर्ट्स चैनल के लिए कॉमेंट्री करते हैं. इससे पहले हरभजन सिंह (Harbhajan Singh) ने भी कहा कि गंभीर किसी भी महिला के लिए कभी भी ऐसी आपत्तिजनक भाषा का इस्?तेमाल नहीं कर सकते. उन्होंने ट्वीट किया, 'मैं कल के उस घटनाक्रम से हतप्रभ हूं, जिसमें गौतम गंभीर का नाम लिया जा रहा है. मैं उन्हें अच्छी तरह जानता है और वे किसी महिला के लिए कभी भी ऐसी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकते. वे जीतें या हारें, यह अलग बात है, लेकिन वह शख्स इस सबसे ऊपर है.'

पूर्वी दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार गौतम गंभीर पर आप प्रतिद्वंद्वी आतिशी ने गुरवार को गंभीर आरोप लगाए थे. आतिशी ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक पर्चे बंटवाए हैं. वे यह बताते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ी थीं.